18th December, 1973 regarding alleged arrest of I.O.W.(I) Dhanbad and state:

(a) whether the Enquiry Committee appointed by the General Manager, Eastern Railway, Calcutta has submitted its report;

(b) if so, the salient features of the findings of this enquiry. and

(c) the action taken by Government to implement each items of the written agreement between the representatives of Railway employees and the Divisional Superintendent, Eastern Railway, Dhanbad?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) The report of Enquiry Committee has been submitted recently

(b) The report is still under examination

(c) Action will be taken after the report is examined fully

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के सरकारी निवास स्थानों के लिए फर्नीचर और साज-सामान

226. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या विधि, **न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को उनके सरकारी निवास स्थानों के लिए निःशुल्क फर्नीचर, साज-सामान और बढ़िया क्वालिटी के विद्युत उपकरण उपलब्ध किये जाएंगे ; और

(ख) मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों को उपलब्ध की जाने वाली वस्तुओं की कीमत का अलग-अलग ब्यौरा क्या है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : (क) और (ख) भारत के संविधान और उच्चतम न्यायालय नियम, 1959 के उपबन्धों के अनुसार उच्चतम न्यायालय का प्रत्येक न्यायाधीश किराए का सदाय किए बिना सुसज्जित सरकारी निवास-स्थान का उपयोग करने का हकदार है। फर्नीचर आदि की कीमत में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के सरकारी निवास-स्थानों पर बिना किराए के दिए जाने वाले फर्नीचर साज-सज्जा के लिए धन-संबंधी अधिकतम सीमा, जो सन 1966 में 30,000 रु० और 20,000 रु० पर नियत की गई थी, हाल ही में बढ़ा कर क्रमश: 38,500 रु० और 30,000 रु० कर दी गई है ?

रेलवे हड़ताल के कारण उत्तर रेलवे में यात्रियों को वापिस किये गये टिकट के पैसे

227. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि मई, 1974 में रेलवे हड़ताल होने तथा सरकार द्वारा रेल गाड़ियों को रद्द करने के कारण उत्तर रेलवे में यात्रियों को टिकटों के कुल कितने पैसे वापिस किए गए ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरेशी) : मई, 1974 में रेलवे हड़ताल होने तथा गाड़ियों के रद्द किए जाने के फलस्वरूप उत्तर रेलवे पर यात्रियों को 18.94 लाख रुपये की रकम वापिस की गई।